Title: Need to open a Regional Office of Department of Post at Parbhani in Maharashtra - Laid.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी): अध्यक्ष महोदय, इस समय डाक विभाग का नांदेड़, महाराट्र में स्थित क्षेत्रीय कार्यालय नांदेड जिले के साथ ही साथ हिंगोली और परभणी जिलों में भी डाक व्यवस्था का भार संभालता है। परभणी तथा हिंगोली बहुत बड़े जिले हैं। केवल परभणी जिले की आबादी इस समय 20 लाख है। इसमें 9-10 तालुके हैं तथा लगभग इतनी ही नगर पालिकायें हैं। यही स्थिति हिंगोली जिले में भी है। नांदेड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय को इस पूरे इलाके की डाक व्यवस्था संभाल पाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र की जनता की भी यह काफी समय से मांग रही है कि हिंगोली और परभणी जिलों के लिए डाक विभाग का एक अलग क्षेत्रीय कार्यालय परभणी में स्थापित किया जाये।

अतः इस माननीय सदन के माध्यम से मैं सरकार से अपील करता हूं कि वह जनता की इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर हिंगोली और परभणी जिलों के लिए डाक विभाग का एक अलग क्षेत्रीय कार्यालय परभणी में स्थापित करने हेतु तुरंत कदम उठाये।